# डिस्कलेमर

**आदेश संख्या 12/2026-27 के पृष्ठ संख्या 1 से 4 का हिंदी अनुवाद संलग्न है। इस हिंदी पाठ के अंतर्गत दी गई किसी भी व्याख्या या अर्थ के संदर्भ में कोई भी भ्रांति या संदेह होने पर कृपया अंग्रेजी पाठ को ही प्रामाणिक माना जाए।**

ऐरा/20010/एमवाईटीपी/ रेम्प360/जीएच/भोगापुरम /2026-27

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण**

*****

## आदेश संख्या 12/2026-27

तृतीय तल,  उड़ान भवन,
सफदरजंग हवाईअड्डा,
नई दिल्ली– 110003

जारी करने की तारीख: 31.07.2026

| | | |
|---|---|---|
| **सेवा** | : | **ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं (जीएचएस)** |
| **सेवा प्रदाता** | : | **मैसर्स रेम्प 360 ग्राउन्ड हैंडलिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** |
| **हवाईअड्डा** | : | **भोगापुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, भोगापुरम** |
| **हवाईअड्डा प्रचालक** | : | **जीएमआर विशाखापट्टनम इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीवीआईएएल)** |

**मैसर्स रेंप 360 ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भोगापुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, भोगापुरम में प्रदान की जाने वाली ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं के लिए वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख (सीओडी) से 31.03.2027 तक के लिए तदर्थ टैरिफ निर्धारित करने के मामले में।**

**आईएसपी की प्रस्तुति :**

1. मैसर्स रैंप 360 ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड ने दिनांक 11.05.2026 की अपनी ईमेल के माध्यम से जानकारी दी कि उन्हें जीएमआर विशाखापट्टनम इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीवीआईएएल) से भोगापुरम में ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए, प्रभावी तारीख से बीस (20) वर्ष की अवधि के लिए रियायत मिली है।

2. स्वतंत्र सेवा प्रदाता (आईएसपी) मैसर्स रेंप 360 ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने दिनांक 11.05.2026 की उपर्युक्त ईमेल के माध्यम से बताया कि वे भोगापुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर अपनी प्रस्तावित ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं (जीएचएस) के संबंध में नियमित टैरिफ निर्धारित करने के लिए अपेक्षित प्रचालनात्मक और यातायात संबंधी डेटा एकत्रित कर रहे हैं। इस दौरान स्वतंत्र सेवा प्रदाता ने प्राधिकरण से भोगापुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं के संबंध में एक (1) वर्ष के लिए तदर्थ टैरिफ का अनुमोदन देने का अनुरोध किया। यह अनुरोध ऐरा के दिनांक 27.03.2026 के टैरिफ आदेश संख्या 28/2025-26 के माध्यम से मोपा, गोवा के मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर मैसर्स रेंप 360 ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के लिए अनुमोदित टैरिफ के आधार पर किया गया है।

3. इस संबंध में, आईएसपी ने निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्रस्तुत कीं:

i. जीवीआईएएल और मैसर्स रैंप 360 ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड के बीच किया गया दिनांक 24.04.2026 का लाइसेंस करार।

ii. मैसर्स रैंप 360 ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में दिनांक 29.12.2025 की नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से सुरक्षा अनुमति।

iii. दिनांक 17.09.2025 को 'टच डाउन नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड' से 'रैंप 360 ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड' के रूप में नाम बदलने के बाद मिला निगमन प्रमाणपत्र ।

**प्राधिकरण की जांच**

4 प्राधिकरण ने देखा है कि आंध्र प्रदेश के भोगापुरम में बन रहे ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के प्रचालक ने भोगापुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं (जीएचएस) देने वाली एजेंसी चुनने के लिए एक निविदा निकाली थी। निविदा प्रक्रिया में, 'विहान इन्वेस्टमेंट एंड मैनेजमेंट एडवाइजर्स एलएलपी' और 'श्रीयेस एंटरप्राइजेज एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' का कंसोर्टियम सफल बोलीदाता के रूप में सामने आया। प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) के अनुसार, सफल बोलीदाता को भारतीय कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एक विशेष प्रयोजन माध्यम (एसपीवी) बनाना था। तदनुसार, बोलीदाता ने भोगापुरम अतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर जीएचएस का काम करने के लिए भारतीय कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत 'रैंप 360 ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' को एसपीवी के रूप में सम्मिलित किया। आशा है कि नया आईएसपी अगस्त, 2026 में अपने वाणिज्यिक प्रचालन शुरू कर देगा।

5 प्राधिकरण ने नोट किया है कि आईएसपी ने भोगापुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर प्रभावी तिथि से बीस (20) वर्ष की अवधि के लिए ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं देने के लिए जीवीआईएएल के साथ दिनांक 24.04.2026 को एक लाइसेंस करार किया है ।

6 यह नोट किया है कि मैसर्स रैंप 360 ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के दिनांक 29.12.2025 के पत्र के माध्यम से सुरक्षा अनुमति प्राप्त हो गई है। बीसीएएस द्वारा दी गई सुरक्षा अनुमति, इसके जारी होने की तारीख से पांच (5) वर्ष की अवधि के लिए वैध है।

7 प्राधिकरण ने भोगापुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, भोगापुरम में अपने प्रस्तावित ग्राउंड हैंडलिंग प्रचालनों के लिए तदर्थ टैरिफ के अनुमोदन के संबंध में मैसर्स रैंप 360 ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्ताव की जांच की है। प्राधिकरण का मानना है कि आईएसपी को भोगापुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर प्रस्तावित ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं के लिए एमवाईटीपी प्रस्तुत करने और सेवा प्रदाता के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित करने की यथोचित विनियामक प्रक्रिया पूर्ण होने में कुछ समय लगेगा।

8 इस दौरान, आंध्र प्रदेश के भोगापुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर नई ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी को वाणिज्यिक प्रचालन शुरू करने में सहायता करने के लिए प्राधिकरण ने एक अंतरिम उपाय के रूप में आईएसपी की प्रस्तावित ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं के लिए 'तदर्थ टैरिफ' मानने का निर्णय लिया है। यह निर्णय ऐरा द्वारा इसी तरह के दूसरे हवाईअड्डों के लिए पहले से अनुमोदित की गई टैरिफ के आधार पर लिया गया है। आईएसपी के लिए तदर्थ टैरिफ निर्धारित करने के उद्देश्य से प्राधिकरण ने भुवनेश्वर, रायपुर और मोपा, गोवा हवाईअड्डों पर प्रचलित ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं की टैरिफ से तुलना की और अलग-अलग ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं के लिए सबसे कम मद-वार प्रभार को आईएसपी के लिए तदर्थ टैरिफ के रूप में माना है।

## आदेश

रिकॉर्डों में उपलब्ध तात्विक सामग्री पर ध्यानपूर्वक विचार करने के उपरांत प्राधिकरण भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008 की धारा 13(1) (ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा आदेश देता है कि :

(i) मैसर्स रैंप 360 ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को भोगापुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर संलग्नक - (I,II और III) के अनुसार वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से **31.03.2027 तक**, या स्वतंत्र सेवा प्रदाता के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित किए जाने तक, जो भी पहले हो, ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं के लिए तदर्थ आधार पर टैरिफ वसूल और संग्रहित करने की अनुमति दी जाती है।

(ii) प्राधिकरण यह निर्णय लेता है कि अंतरदेशीय नॉन शेड्यूल्ड और सामान्य विमानन प्रचालनों के लिए मद-वार प्रभार सहित ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं के लिए टैरिफ समान श्रेणी के विमान (नों) की संगत अंतरदेशीय शेड्यूल्ड उड़ानों के लिए अनुमोदित टैरिफ से अधिक नहीं होगा।

(iii) इसमें अनुमोदित टैरिफ प्रयोक्ताओं से वसूले जा सकने वाले अधिकतम प्रभार होंगे। अनुमोदित टैरिफ के अतिरिक्त अन्य कोई प्रभार नहीं लगाया जाए।

(iv) ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं के लिए विदेशी मुद्रा में भुगतान किए जाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की पिछले माह की अंतिम तारीख को विद्यमान मुद्रा परिवर्तन दर पहले पखवाड़े के लिए लागू होगी और माह की पंद्रह (15) तारीख को विद्यमान दर दूसरे पखवाड़े के लिए लागू होगी।

(v) मैसर्स रैंप 360 ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नागर विमानन मंत्रालय द्वारा दिनांक 01.11.2021 के पत्र संख्या एवी-24011/10/2021–एएआई-मोका द्वारा जारी निदेशों के अनुसार भोगापुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, भोगापुरम में ग्राउंड हैंडलिंग उपस्कर के मानकीकरण का अनुपालन सुनिश्चित करेगी।

(vi) स्वतंत्र सेवा प्रदाता नियमित टैरिफ निर्धारण के लिए इस टैरिफ आदेश के जारी होने के चार माह के भीतर अपना एमवाईटीपी प्रस्तुत करेगा।

(vii) इसमें ऊपर निर्धारित टैरिफ में लागू कर, यदि कोई हो, शामिल नहीं है।

(viii) हवाईअड्डा प्रचालक इस टैरिफ आदेश को सभी हितधारकों की जानकारी के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा।

(ix) हवाईअड्डा प्रचालक इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चत करेगा।

**प्राधिकरण की ओर से जारीकर्ता**

**(सुयश नारायण)**
**सचिव**

सेवामें,

श्री प्रशांत सत्रसाल, मुख्य वित्त अधिकारी,
रैंप 360 ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,
सूट 601, छठा तल, जीएमआर, एयरो टॉवर्स -2,
शम्शाबाद, के.वी. रंगारेड्डी- 501218 तेलगांना

प्रतिलिपि सूचनार्थ,

1) सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली–110003
2) मुख्य कार्यपालक अधिकारी, भोगापुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, आंध्र प्रदेश